मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

**EHD-02**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## ( बी. डी. पी. )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2024

## ( ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी )

## ई.एच.डी.-02 : हिन्दी काव्य

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** ***प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पद्यांशों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $3 \times 12 = 36$

(क) कहा मानसर चहा सो पाई। परास रूप इहाँ लगि आई॥

भा निरभर तेन्ह पायन परसें। पावा रूप-रूप के दरसें॥

मलै समीर बास तन आई। भा सीतल गै तपन बुझाई॥

न जनौं कौनु पौन लै आया। पुन्नि दसा भै पाप गँवाया॥

P. T. O.

(ख) कुलन में केलि में कछारन में कुंजन में
क्यारिन में कलित कलीन किलकंत है।
कहै पद्माकर परागन में पौनहू में
पातन में पिक में पलासन में पंगत है।
द्वारे में दिसान में दुनी में देस देसन में
देखो दीप-दीपन में दीपत दिगन्त है।
बीथिन में ब्रज में नवेलिन में बेलिन में
बनन में बागन में बगरयौ बसंत है।

(ग) जाये सिद्धि पावें वे सुख से,
दु:खी न हों इस जन के दु:ख से,
उपालम्भ दूँ मैं किस मुख से ?
आज अधिक वे भाते
सखि वे मुझसे कह कर जाते।

(घ) स्तब्ध ज्योत्सना में जब संसार,
चकित रहता शिशु सा नादान,
विश्व के पलकों पर सुकुमार
विचरते हैं जब स्वप्न अजान;
न जाने नक्षत्रों से कौन
निमंत्रण देता मुझको मौन !

(ङ) जी पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको
पर पीछे-पीछे अक्ल जगी मुझको
जी, लोगों ने तो बेच दिये ईमान
जी आप न हों सुनकर ज्यादा हैरान
मैं सोच-समझकर आखिर
अपन गीत बेचता हूँ
जी हाँ, हुजूर मैं गीत बेचता हूँ।

2. " 'कुरुक्षेत्र' में इतिहास और कल्पना का सुंदर समन्वय है।" इस कथन के आधार पर कथावस्तु की विशेषताएँ बताइए। 16

3. प्रगतिशील काव्यधारा में नागार्जुन काव्य के महत्व का प्रतिपादन कीजिए। 16

4. छायावादी काव्य के संदर्भ में महादेवी वर्मा के काव्य की विशेषताएँ बताइए। 16

5. गजानन माधव मुक्तिबोध के काव्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए 16

6. निगुण भक्तिकाव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 16

7. रीतिकाव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए। 16

8. द्विवेदीयुगीन काव्य के आलोक में रामनरेश त्रिपाठी के काव्य की विशेषताएँ बताइए। 16

9. मीराबाई के काव्य में वर्णित भक्ति-भावना का सोदाहरण विवेचन कीजिए। 16

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $2 \times 8 = 16$

(क) हिन्दी का आदिकाव्य

(ख) तुलसीदास की भक्ति-भावना

(ग) केदारनाथ अग्रवाल का काव्य

(घ) घूमिल का काव्य

(ङ) अज्ञेय और प्रयोगवाद